पंजाब केसरी 06/08/25

# जी.एम.एन. कॉलेज में इंडस्ट्री इंटेग्रेशन के साथ एम.बी.ए. और एम.सी.ए. प्रोग्राम की नई शुरुआत

अम्बाला, 5 अगस्त (बलराम): जीएमएन कॉलेज, अम्बाला कैंट में इंडस्ट्री इंटेग्रेशन के साथ एम.बी.ए. और एम.सी.ए. प्रोग्राम को एक नई शुरुआत दी है। ये प्रोग्राम केपीएमजी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, एनएसई और इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड जैसी शीर्ष कम्पनियों के सहयोग से शुरू किए गए हैं।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि आज के इंटेंसिव युग को देखते हुए बदलती मांगों को पूरा करने के लिए ये प्रोग्राम तैयार किया गया है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित, इन प्रोग्रामों को तीन साल की अग्रिम स्वीकृति दी गई है। जो कि एक दुर्लभ उपलब्धि है, जिसका श्रेय कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता और करियर उन्मुख शिक्षा के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को जाता है।

यू.जी. कोर्स के साथ-साथ कॉलेज में एम.ए. पॉलिटिकल साइंस, इंग्लिश और एम.एससी. मैथ के एडमिशन की भी प्रकिया चल रही है।